नोडल अधिकारी, प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

क्रंमाक / प्र.न.शा.फि.महा. / 2025 / 06

रायगढ़ दिनांक 15/12/25

प्रति,

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय
चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.)

विषय – नवीन शासकीय फिजियोंथेरेपी महाविद्यालय प्रारंभ करने के संबंध में।

संदर्भ :–

1) कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, का पत्र क्रं / File No. Proj-55/29/2025-DME नवा रायपुर (छ.ग.), दिनांक 15.10.2025
2) अधिष्ठाता कार्यालय का पत्र क्रं / चिकि. / विकास / 2025–26 / 5881, दिनांक 03.07.2025
3) नोडल अधिकारी, प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय, रायगढ़ का पत्र क्रं / फिजियोथेरेपी / 2025 / 01, रायगढ़ दिनांक 03.11.2025
4) नोडल अधिकारी, प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय, रायगढ़ का पत्र क्रं / फिजियोथेरेपी / 2025 / 03, रायगढ़ दिनांक 11.11.2025

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र 01) के माध्यम से प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय को प्रारंभ करने के संबंध में मुझें ''नोडल अधिकारी'' नियुक्त किया गया है तथा मेरे समन्वयक डॉ. प्रफुल्ल बानी (पीटी) सहायक प्राध्यापक, शासकीय फिजियोंथेरेपी महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) को नियुक्त किया गया है। संदर्भित पत्र क्रंमाक–02 के माध्यम सें अधिष्ठाता महोदय द्वारा आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, नवा रायपुर को पत्र प्रेषित कर चिकित्सा महाविद्यालय परसिर के समीप शासकीय भूमि खसरा नं. 202 रकबा 0.906 हेक्टेयर (लगभग 2 एकड़) का चिन्हाकंन किया गया था।

सदंर्भित पत्र क्रंमाक–03 के माध्यम से अधिष्ठाता महोदय को नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय रायगढ़ की स्थापना हेतु भूमि चिन्हित करने एवं वैकल्पिक भवन व्यवस्था / आबंटन किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया है, जिसके परिपेक्ष्य में अधिष्ठाता महोदय द्वारा उक्त आबंटित भूमि को मौखिक आदेश देते हुये मुझें एवं चिकित्सा महाविद्यालय के विकास शाखा के कर्मचारी के साथ भूमि के निरीक्षण हेतु निर्देश दिया गया था, आदेशानुसार उक्त भूमि का निरीक्षण मेरे द्वारा किया गया है एवं संदर्भित पत्र क्रंमाक–04 के माध्यम से आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, को अवगत कराया गया है।

दिनांक 10.12.2025 को विडियोकॉन्फ्रसिंग के माध्यम से आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा महोदय के द्वारा समस्त नोडल अधिकारी, समन्वय, प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय के साथ बैठक ली गई है। जिसमें प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय, रायगढ़ के नोडल अधिकारी एवं समन्वयक से प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय रायगढ़ के प्रारंभ किये जाने की वर्तमान स्थिति की जानकारी चाही गई, नोडल अधिकारी एवं समन्वयक के द्वारा आयुक्त महोदय को वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई जो निम्नानुसार है:–

- अधिष्ठाता, स्वं, ल.अ.स्मृ.शा.चिकि.महा. रायगढ़ (छ.ग.) से प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय रायगढ़ प्रारंभ करने हेतु भूमि आबंटन एवं वैकल्पिक व्यवस्था के तहत् भवन आबंटित करने हेतु मौखिक / पत्राचार किया गया, जिसमें अधिष्ठाता महोदय द्वारा भूमि एवं भवन आबंटित किये जाने की सहमति प्रदान की गई है, परंतु भूमि एवं भवन आबंटित किये जाने का आदेश पारित नही किया गया है।

वर्तमान में तात्कालिक अधिष्ठाता महोदय का आकस्मिक निधन हो जाने के कारण प्रक्रिया लंबित हो गई है।

Scanned with CamScanner

आयुक्त महोदय द्वारा प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय रायगढ़ प्रारंभ किये जाने की अग्रिम कार्यवाही संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय (रायगढ़) से चर्चा कर आगे की कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः महोदय से निवेदन है कि प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय रायगढ़ प्रारंभ किये जाने के अग्रिम कार्यवाही हेतु भूमि एवं वैकल्पिक भवन आबंटित करने का कष्ट करें। ताकि प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) यशाशीघ्र पारंभ किया जा सकें।

धन्यवाद्।

संलग्न :– संदर्भित पत्रों की छायाप्रति।

दिनांक :– .....

डॉ. प्रफुल्ल बानी (पीटी)
(समन्वयक)
प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोंथेरेपी
महाविद्यालय रायगढ़, (छ.ग.)

डॉ. अनिमेष कुमार कुर्रे (पीटी)
(नोडल अधिकारी)
प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोंथेरेपी
महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

प्रतिलिपि :–

1) आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, स्वास्थय् भवन, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटलनगर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
2) अधिष्ठाता, स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

डॉ. प्रफुल्ल बानी (पीटी)
(समन्वयक)
प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोंथेरेपी
महाविद्यालय रायगढ़, (छ.ग.)

डॉ. अनिमेष कुमार कुर्रे (पीटी)
(नोडल अधिकारी)
प्रस्तावित नवीन शासकीय फिजियोंथेरेपी
महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

Scanned with CamScanner